**दिनांक : 30.04.2025** **समय : 07.10PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स2025 का कल मुंबई में करेंगे उद्घाटन।
2- केन्द्र_सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का किया निर्णय ।
3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की किस्त राशि अंतरित की। ।
4- प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं गर्मी का असर, करीब 40 जिलों में 2 और 3 मई को बूंदाबांदी होने की संभावना।

समाचार विस्तार से–

वेव्स सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स–2025 का कल मुंबई में उद्घाटन करेंगे। इसका आयोजन जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। यह सम्मेलन भारत के मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय सम्मेलन का टैगलाइन 'निर्माताओं को जोड़ना, देशों को जोड़ना' है। इसमें 90 से ज़्यादा देशों के लोग हिस्सा लेंगे, जिसमें 10 हजार से ज़्यादा प्रतिनिधि, 1 हजार क्रिएटर, 300 से ज़्यादा कंपनियां और 350 से ज़्यादा स्टार्टअप शामिल होंगे। यह सम्मेलन श्रव्य–दृश्य तथा मनोरंजन उद्योग के भविष्य के बारे में चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा।

मंत्रिमंडल बैठक

केन्द्र_सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का निर्णय किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्य समिति ने यह फैसला किया। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केंद्र का विषय है।

सरकार ने शिलांग से सिलचर तक नए राजमार्ग के निर्माण को स्वीकृति दी। इस पर 22 हजार 864 करोड़ रुपये की लागत आएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण साबित होगी। मंत्रिमंडल ने चीनी मौसम 2025–26 के लिए 355 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तय करने को भी स्वीकृति दी। श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों के साथ–साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को भी लाभ होगा।

इस्कान मंदिर

सागर जिले में मेनपानी गांव की पहाड़ी पर इस्कॉन द्वारा 50 करोड़ की लागत से भव्य श्री राधा–कृष्ण मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन प्रवास के दौरान वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस इस्कॉन मंदिर का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने में इस्कॉन की भूमिका अतुलनीय रही है। भक्ति, ज्ञान और सेवा के माध्यम से इस संस्था ने गीता के अमृत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है।

तीन एकड़ में बन रहे इस मंदिर परिसर में राधा कृष्ण जी का एक सुंदर मंदिर होगा, साथ ही आश्रम, गुरुकुल, गौशाला, वृद्धाश्रम, चिकित्सा क्लीनिक, एक ईको विलेज व वैदिक कला एवं विज्ञान महाविद्यालय का भी निर्माण होगा।

किसान सम्मेलन

मंदसौर में 3 मई को किसान सम्मेलन और एग्री–हॉर्टी एक्सपो 2025 का आयोजन किया जायेगा। इसमें नवीनतम कृषि तकनीकें, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर मंथन होगा। साथ ही प्राकृतिक खेती, फलोद्यान, बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों पर भी विशेष फोकस रहेगा ।

किसान कल्याण योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज धार जिले के ग्राम उमरबन से प्रदेश के 85 लाख से अधिक किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की किस्त राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। योजना के हितग्राही किसानों को दो–दो हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। योजना के तहत किसानों को कुल 1 हजार 702 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को वर्ष में कुल 6000 रुपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। योजना की शुरुआत से अब तक किसानों को कुल 12 किस्तें दी जा चुकी है।

अक्षय तृतीया

आज अक्षय तृतीया है। अक्षय तृतीया पर मुख्य रूप से देवी लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर महाराज की उपासना की जाती है। अक्षय तृतीया पर ही सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। आज परशुराम जयंती भी हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि इंदौर जिले के जानापाव में भगवान श्रीकृष्ण को भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था। इसलिये हम जानापाव के साथ ही श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित प्रत्येक स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित करेंगे।

राज्य के भोपाल,मुरैना,बैतूल,अशोकनगर,नीमच,छिंदवाड़ा,गुना सहित अन्य जिलों में भी आज कार्यक्रम आयोजित किये जाने के समाचार मिले हैं।

आईसीएसई–परिणाम

काउन्सिल फौर दी इंडियन स्कूल सर्टिफ़िकेट एग्ज़ामिनेशन ने आईएससीई की दसवीं कक्षा और आईएससी की बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। दसवीं में 99 दशमलव तीन–सात प्रतिशत के साथ छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं 98 दशमलव आठ–चार प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।

उधर, बारहवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। 99 दशमलव चार–पांच प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। वहीं छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 98 दशमलव छह–चार प्रतिशत रहा।

विद्यार्थी वेबसाइट cisce.org और results.cisce.org. पर अपने परिणाम देख सकते हैं।

चारधाम यात्रा

अक्षय तृतीया के अवसर पर उत्तरकाशी जिले में श्रद्धालुओं के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा आज शुरू हो गई। वैदिक मंत्रोच्चार और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के बीच कपाट खोले गए। केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोले जाएंगे, जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को खुलेंगे।

## मौसम

प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश के करीब 40 जिलों में 2 और 3 मई को बूंदाबांदी हो सकती है। जिन जिलों में मौसम बदलेगा, उनमें भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर भी शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 2 मई को पश्चिमी विछोभ सक्रिय हो रहा है। जिसका असर अगले 3 दिन तक रह सकता है।

## समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ कलेक्टर ने जिले में ई–केवायसी कैंप आयोजित कर पीडीएस हितग्राहियों की केवायसी 30 अप्रैल तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये है।
- खण्डवा जिले में गेहूँ एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है।
- बांधवगढ़ के साथ शहडोल जिले में भी गिद्धों की गणना की गई है। बांधवगढ़ में जहां 246 गिद्ध मिले हैं वहीं शहडोल जिले में 123 गिद्ध नजर आए हैं।
- शिवपुरी जिले में ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुये हैण्ड पंप संधारण हेतु शिकायत दर्ज कराने कंट्रोल रूम स्थापित किए गये हैं।
- अशोकनगर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन में 69 वर–वधुओं ने जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल बचाने की शपथ ली।
- सीहोर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

....................